वसुधैव कुटुम्बकम का प्रबल समर्थक भारत आतंकवाद के विरुद्ध सदैव डट कर खड़ा रहेगा - लोक सभा अध्यक्ष

कैंप: ऑकलैंड, 19 सितंबर 2016 : संसद सदस्य और भारत के लिए न्यूज़ीलैंड संसदीय मैत्री ग्रुप के सह अध्यक्ष, श्री महेश बिंद्रा द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में बोलते हुए लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम का प्रबल समर्थक भारत आतंकवाद के विरुद्ध सदैव डट कर खड़ा रहेगा। उन्होंने बारामुल्ला जिले में उरी में जवानों की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया और इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत राज्य प्रायोजित आतंकवाद के विरुद्ध लड़ाई में अंतरराष्ट्रीय समुदाय का साथ देना ज़ारी रखेगा।

श्रीमती महाजन ने कहा कि आज़ादी मिलने के सात दशकों में भारत की यह एक सर्वधिक उल्लेखनीय उपलब्धि रही है कि इसने धर्म निरपेक्षता और समावेशी और समतावादी विकास के प्रति प्रतिबद्धता के साथ - साथ संसदीय लोकतंत्र पर आधारित सक्रिय शासन व्यवस्था को न केवल कायम रखा है बल्कि इसे मजबूत भी किया है। स्वतंत्रता प्राप्ति से ही भारतीयों ने चुनावी और शासन प्रक्रियाओं में बहुत जोश और उत्साह से भाग लिया है और इस प्रकार विश्व में सबसे बड़े प्रातिनिधिक लोकतंत्र की स्थापना करने और इसे मज़बूत करने में बहुत मदद की है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि लोकतंत्र और सुशासन के सांझे मूल्यों को ध्यान में रखते हुए भारत और न्यूज़ीलैंड अपने संबंधों को नई ऊंचाइयों पर ले जायेंगे।

श्रीमती महाजन ने यह आग्रह भी किया कि चूँकि विश्व में भारत तेजी से विकसित हो रही अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में उभर रहा है इसलिये दोनों देश अपने आर्थिक संबंधों को और मजबूत बनाएं। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि भारत और न्यूज़ीलैंड को अपने व्यापारिक

और आर्थिक संबंधों की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए पूरी निष्ठा से प्रयास करने चाहिएं।

श्रीमती महाजन जो न्यूज़ीलैंड के दौरे पर गए भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व कर रही है ने कहा कि वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों, संसदीय शिष्टमंडलों और मैत्री ग्रुपों के आदान प्रदान से परस्पर महत्व के विषयों पर विचारों का आदान प्रदान करने के लिए एक आदर्श मंच उपलब्ध होता है।